Title : Regarding need to review the policy regarding import of edible oil in the Country with a view to protect the interest of farmers in Rajasthan .

(v) Need to review the policy regarding import of edible oil in the

country with a view to protect the interest of farmers in

Rajasthan

डॉ. करण सिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार की दो्पूर्ण आयात नीति के कारण श्रीलंका व नेपाल के जरिये भारी मात्रा में खाद्य तेल आयात किया जाता है। इस वजह से देश में उत्पन्न तिलहन, सरसों तथा तिल आदि की मिलें बंद होती जा रही हैं। इन स्वदेशी मिलों के बंद होने से किसानों द्वारा गतव्र्ा की गई सरसों की संपूर्ण खरीद गोदामों में ही बंद पड़ी है।

इस व्र्ा भी राजस्थान में सरसों की बम्पर फसल की संभावनाएं हैं। राजस्थान में ही गत व्र्ा से लगभग चार लाख मीट्रिक टन अधिक सरसों पैदा होने की भव्यि्वाणी है। भंडारण व्यवस्था न होने से मार्च-अप्रैल माह में सरसों की फसल निकलने पर सरकारी खरीद में बाधाएं उत्पन्न होंगी।

अतः मेरा खाद्य मंत्री जी से निवेदन है कि पुरानी सरसों को गोदामों से निकलवाकर मिलों से तेल निकलवाया जाए, गोदाम भावी फसल के लिए खाली करवाए जाएं तथा खाद्य तेलों की आयात नीति को बदला जाए ताकि स्थानीय किसानों को लाभ मिल सके।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री मनसुखभाई डी. वसावा - अनुपस्थिति।